दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 23 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में कच्ची दरगाह–बिदुपुर सिक्स लेन पुल के राघोपुर तक के हिस्से का लोकार्पण करेंगे।

02. उपभोक्ता मामलों के केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी आज खगड़िया के पसराहा में एक सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली साईलो गोदाम का उद्घाटन करेंगे।

03. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा– एक जुलाई से पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, किशनगंज और अररिया जिले में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में कच्ची दरगाह–बिदुपुर सिक्स लेन पुल के राघोपुर तक के हिस्से का उद्घाटन करेंगे। इस पुल की कुल लम्बाई नौ दशमलव सात छह किलोमीटर है तथा पहुंच पथ दस किलोमीटर लम्बा है। आज पुल के जिस हिस्से का उद्घाटन होना है, उसकी लम्बाई चार दशमलव पांच सात किलोमीटर है। इस पुल के शुरू होने से महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का दबाव कम होने के साथ ही स्थानीय लोगों के लिए आवागमन सुगम होगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

यह पुल दियारा क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगा और वहां के लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाएगा। 19 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 9.76 किलोमीटर का हिस्सा गंगा नदी पर बना एक्स्ट्रा डोज़्ड केबल स्टे ब्रिज है। इसे 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के अनुरूप डिजाइन किया गया है। एक्स्ट्रा डोज केबल ब्रिज की विशेषता यह है कि इसमें केबल्स को सीधे टावर से नहीं बल्कि डेक के नीचे एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक विशेष ढंग से जोड़ा गया है, जिससे इसकी संरचना न केवल अत्याधुनिक और कई गुना मजबूत है। वर्तमान में पटना से राघोपुर तक चार दशमलव पांच सात किलोमीटर लम्बे हिस्से का काम पूरा हो चुका है। उदघाटन समारोह में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, सांसद रवि शंकर प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————

उपभोक्ता मामलों के केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी आज खगड़िया के पसराहा में बने अत्याधुनिक साईलो गोदाम का उद्घाटन करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

पचास हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता वाले साईलो गोदाम के निर्माण पर एक सौ पचास करोड़ रूपये की लागत आई है। गोदाम में अनाज भंडारण के लिए अत्याधुनिक व्यवस्था उपलब्ध है। इसमें उन्नत तापमान नियंत्रण तकनीक के माध्यम से अनाज को लम्बे समय तक खराब होने से बचाया जा सकेगा। इस गोदाम में खगड़िया के साथ–साथ अन्य जिलों और राज्यों के किसानों के अनाज का अनाज का भंडारण भी किया जा सकेगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह भी मौजूद रहेंगी। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने पैन कार्ड के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसके तहत पैन कार्ड बनवाने के लिए अब आधार सत्यापन अनिवार्य किया गया है। नए नियम एक जुलाई से प्रभावी होंगे। अब तक पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता नहीं होती थी। बोर्ड ने कहा है कि इस बदलाव का उद्देश्य फर्जी पैन कार्ड निर्माण पर रोक लगाना है।

———————————————————————————

राष्ट्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय  बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति की बात कर रहे हैं – जो साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय तथा समावेशी ऊर्जा के लिए मजबूत प्रयास का एक दशक है।

———बाईट———

पिछले एक दशक में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र मे मजबूत वृद्धि हुई है। जून 2025 तक, देश की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 476 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें आधे से अधिक ऊर्जा गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आ रही है। सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा से ही 226 गीगावाट की क्षमता प्राप्त हुई है जिससे भारत अब सौर ऊर्जा में दुनिया में तीसरे और पवन ऊर्जा में चौथे स्थान पर है। अप्रैल 2018 तक भारत के 100 प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हो गया था और तब से 2 दशमलव 8 करोड़ से अधिक घरों को ग्रिड से जोड़ा गया है। बिजली की कमी 2014 में 4 प्रतिशत से घटकर अब सिर्फ शून्य दशमलव एक प्रतिशत रह गई है, जबकि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में 45 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पीएम–सूर्य घर योजना देश भर में घरों को रोशन कर रही है, वहीं पीएम–कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई प्रणाली प्रदान कर रही है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में क्षमता दोगुनी हो गई है और जलविद्युत, बायोमास और परमाणु ऊर्जा में भी स्थिर वृद्धि जारी है। इसी बीच, भारत का कोयला क्षेत्र आत्मनिर्भरता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक किया गया है जिसके चलते रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और आयात पर निर्भरता में महत्वपूर्ण कमी भी आई है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन तक, भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि एक स्वच्छ भविष्य की ओर भी बढ़ रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वेद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दाम्पत्य जीवन में स्थायित्व को लेकर तेरे मेरे सपने नाम से एक विशेष कार्यक्रम की शुरूआत की है। आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने पटना में संवाददाताओं को बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैवाहिक संबंधों में आ रही परेशानियों को दूर करना है। उन्होंने बताया कि आयोग कल सीतामढ़ी में और पच्चीस जून को मोतिहारी में महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई करेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद आज राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र भरेंगे। पार्टी के सांगठनिक चुनाव के तहत लालू प्रसाद का

निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। किसी अन्य उम्मीदवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र नहीं भरा है।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि मॉनसून की टर्फ रेखा हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों की ओर मुड़ गयी है। इसके चलते अगले दो से तीन दिनों में उत्तर बिहार और हिमालय की तराई वाले जिलों में अच्छी बारिश की सम्भावना है। विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, किशनगंज और अररिया जिले में बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। राज्य के शेष हिस्सों मे ंभी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

राज्य सरकार सूखा निवारण परियोजना के तहत पचहत्तर हजार किसानों और एक हजार दो सौ कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं को सूखा प्रबंधन के साथ खेती के लिए प्रशिक्षित करेगी। उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत सूखा प्रभावित जिलों में यह प्रशिक्षण शुरू किया जायेगा। इसका उद्‌देश्य सुखाड़ जैसी स्थिति में खेती के लिए किसानों को तैयार करना है।

———————————————————————

राज्य के विश्वविद्यालय को बीस दिनों के अन्दर विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति और शुल्क से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी किया है। साथ ही आयोग ने रैगिंग पीड़ित छात्रों को चौबीस घंटे के अन्दर सहायता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है।

———————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालय गर्मी की छुट्टियों के बाद आज से खुल रहे हैं। विद्यालय का संचालन समय सुबह नौ बजकर तीस मिनट से शाम चार बजे तक निर्धारित किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के स्थानांतरित शिक्षक आज से पदस्थापना वाले विद्यालय में अपना योगदान देंगे। शिक्षा विभाग ने स्थानांतरित शिक्षकों को तीस जून तक योगदान करने का आदेश दिया है। अब तक लगभग सड़सठ हजार शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा चुका है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जेईई मेन और नीट यूजी की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। बिहार बोर्ड से उत्तीर्ण छात्र–छात्राएं आज से ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। आवेदन की प्रक्रिया एक जुलाई तक चलेगी। योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को पटना में दो वर्षीय आवासीय कोचिंग दी जायेगी। साथ ही इन विद्यार्थियों का पटना के सरकारी विद्यालयों में इंटरमीडिएट में नामांकन भी करवाया जायेगा।

———————————————————————

पटना की सीबीआई अदालत ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में दरभंगा के कहुआ स्थित मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखा के तत्कालीन प्रबंधक वरूण कुमार मिश्रा, इसी बैंक की मधुबनी स्थित बंगरा शाखा के प्रबंधक मोहन मिश्रा और एक अन्य व्यक्ति गयानंद झा को तीन–तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर चार–चार लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह मामला चौंतीस वर्ष पुराना था। आरोप है कि सभी दोषियों ने दो लाख अड़तालीस हजार छह सौ बयालीस रूपये की हेराफेरी की थी।

———————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बिहार में नक्सलियों को ड्रोन उपलब्ध कराने वाले प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के एक सदस्य विशाल सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। विशाल ने औरंगाबाद और गया के वन क्षेत्रों में नक्सलियों को ड्रोन उपलब्ध कराया था। साथ ही उसने तकनीकी प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया था। आरोपी नक्सली उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला है।

———————————————————————

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल सीमावर्ती क्षेत्र से एसएसबी ने इराक के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसकी वीजा अवधि समाप्त हो गयी थी और वह नेपाल के रास्ते अपने देश लौटने की कोशिश कर रहा था।

———————————————————————

एसटीएफ की विशेष टीम ने कैमूर के मोहनिया से दो हथियार तस्करों को तीन हजार दो सौ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सहरसा जिले के पत्तरघट के वार्ड संख्या बारह में संदिग्ध परिस्थितियों में भाई–बहन की मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार खाना खाने के बाद तबीयत बिगड़ने के बाद दोनों की मौत हो गयी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ईरान–इजराई युद्ध को सुर्खी बनाते हुये लिखा है – अमरिकी हमलों से ईरान के परमाणु अड्डे नष्ट, तेहरान ने प्रतिशोध का प्रण लिया।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है – अमरिका बाईस साल बाद फिर सीधे युद्ध में कूदा। ईरानी संसद में होर्मूज गलियारा बंद करने का प्रस्ताव पास, दुनिया का छब्बीस प्रतिशत तेल व्यापार यहीं से।

दैनिक जागरण लिखता है– बिहार की मतदाता सूची से आउट होंगे बांग्लादेशी घुसपैठिए और अप्रवासी मतदाता।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पुनौराधाम में माँ जानकी के मंदिर का डिजाईन तैयार, निर्माण जल्द। राष्ट्रीय सहारा ने गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– मॉनसून में भी जारी रहेगा नक्सल विरोधी अभियान। आज अखबार ने लिखा है– रोड कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नया अध्याय लिखेगा कच्ची दरगाह–बिदुपुर सिक्स लेन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में कच्ची दरगाह–बिदुपुर सिक्स लेन पुल के राघोपुर तक के हिस्से का लोकार्पण करेंगे।

02. उपभोक्ता मामलों के केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी आज खगड़िया के पसराहा में एक सौ पचास करोड़ रूपये की लागत वाली साईलो गोदाम का उद्घाटन करेंगे।

03. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा– एक जुलाई से पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार सत्यापन अनिवार्य होगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, किशनगंज और अररिया जिले में बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।